तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 29 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



16 आईजीपी गर्ग ने किया पौधारोपण, पुलिस कॉलोनी में गूंजा ...





15 प्राइवेट स्कूलों का शिक्षक प्रशिक्षण एवं प्रतिभा ...





स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता : कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years


## खबर संक्षेप

### शराब के धंधे को बढ़ावा देने की शिकायत

**डोंगरगढ़।** धर्म नगरी के कुछ लोगों ने शराब बेचना बंद कर दूसरा व्यापार शुरू कर दिया है किन्तु आबकारी विभाग का अमला बंद धंधा को पुनः शुरू कराने और बेजा वसूली को लेकर चर्चा में है। जानकारी के अनुसार विभागीय अमला पुराने शराब कोचियों को पुनः शराब बेचने और मंथली बढाकर देने पर कार्रवाई नहीं करने की बात कह कर उन्हे प्रेरित कर रहे है। कुछ लोग जो चोरी छुपे दारू बेच रहे है उन्हे 3 हजार की जगह 6 हजार मंथली देकर खुले आम दारू बेचने का आफर दिया जा रहा है। विभाग की यह कार्यप्रणाली इन दिनों शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।कुछ कोचियों ने नाम नही छापने की शर्त पर इस गतिविधि की पुष्टि किया है।

### मनाया बलिदान दिवस

**डोंगरगढ़।** केन्द्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर शक्ति केन्द्र क्रमांक 6 के बुथ क्रमांक 142 कालकापारा में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, मंडल उपाध्यक्ष अंचलसिंह ठाकुर, महामंत्री विनीत यादव, आदित्य मिश्रा, सतीष साहू, प्रमोद लाउत्रे सहित अन्य उपस्थित थे।

### किसानों को खाद- बीज मुहैया कराए सरकार

**अंजोरा।** जनपद सदस्य किशोरीलाल देशमुख ने खरीफ सीजन में खाद-बीज की कमी पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार पर किसानों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। श्री देशमुख ने बताया कि खाद और बीज डीलरों के पास तो उपलब्ध है, लेकिन सेवा सहकारी समितियों में भारी किल्लत है, जिससे गरीब और सीमांत किसान बुवाई के लिए परेशान हो रहे हैं। समितियों के भरोसे बैठे किसान अभी तक खाद-बीज के लिए चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों का गठन किसानों की सुविधा के लिए किया गया था, लेकिन वहीं से किसानों को निराशा मिल रही है, तो यह सरकार की नाकामी है। सरकार की ओर से बार-बार दावा किया जा रहा है कि खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन वास्तविकता इससे उलट है। श्री देशमुख ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही सेवा सहकारी समितियों में खाद-बीज की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो किसान हित में आंदोलन किया जाएगा।

**मौसम :** दोपहर से शाम तक बारिश, जगह-जगह जलभराव, जनजीवन अस्त-व्यस्त

# बेरला व नवागढ़ में झमाझम बारिश, पेड़ गिरे, यातायात बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ किसानों के खिले चेहरे, धान की बोआई की तैयारी में जुटे ग्रामीण

शनिवार को नवागढ़ सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में इंद्रदेव मेहरबान नजर आए। दोपहर करीब 1 बजे आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई, जो देर शाम तक रुक-रुक कर होती रही। इस बारिश से जहां तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे।

### खेतों में लौटी नमी, बोआई की तैयारी में जुटे किसान

बारिश से खेतों में नमी लौट आई है। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसान अब धान की बोवाई की तैयारी में लग गए हैं। क्षेत्र के किसान कृष्णा यादव, मिथलेश सोनकर, तोपसिंह साहू ने बताया कि यदि इसी तरह दो-तीन दिन और बारिश होती रही तो सीधे बोवाई शुरू कर दी जाएगी। खेतों में अब हल चलाने व बीज डालने लायक नमी आ गई है।



### शहर में बिगड़े हालात, जलभराव से लोगों को परेशानी

बारिश का असर नगर क्षेत्र में ज्यादा दिखा। जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी रही। निचले इलाकों में नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा। मुख्य बाजार, बस स्टैंड, सब्जी मंडी और स्कूलों के आसपास पानी भर गया, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी रोशन धर दीवान ने बताया कि नालियों की समय पर सफाई न होने के कारण हल्की बारिश में ही पानी भर जाता है। बारिश तेज हो जाए तो घरों तक पानी घुसने की नौबत आ जाती है। बारिश के दौरान तेज हवाएं भी चलीं। नवागढ़-छितापार मार्ग पर एक बड़ा पेड़ अचानक गिर गया, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। कुछ देर के लिए दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। ग्रामीणों ने मिलकर पेड़ को हटाया और रास्ता साफ कराया, तब जाकर यातायात सामान्य हो पाया।

### प्रशासन रहा मौन, नगरवासी नाराज़

नगरवासियों का कहना है कि प्रशासन हर साल की तरह इस बार भी तैयारी के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है। बारिश के शुरुआती दौर में ही जलभराव ने सारी व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। नागरिकों ने नालियों की सफाई, जल निकासी और सड़क सुधार की मांग की है। **किसानों को मिला संबल, मौसम पर टिकी नजर** : बारिश से फिलहाल किसानों में उत्साह देखा जा रहा है, लेकिन असमय रुकावट या अत्यधिक वर्षा की आशंका भी बनी हुई है। कृषि विभाग ने किसानों से सलाह दी है कि वे मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए बोवाई करें।

### बेरला में हुई झमाझम बारिश से किसान खुश और खेतों में रौनक

■ आगामी सप्ताह में अच्छी बारिश के संकेत, रोपाई में किसान हैं व्यस्त

**बेरला।** तहसील बेरला क्षेत्र अंचल में शनिवार की सुबह 3-4 बजे झमाझम बारिश होने पर किसानों के चेहरे में खुशी की चमक दिखाई दिया। आपको बता दें कि बारिश के सीजन चालू होने के बाद भी बारिश नहीं हो रहे थे। वही दूसरी तरफ किसान नर्सरी तैयार कर धान की बोवाई चालू की 15 दिन बीत गए थे। जो कि हल चलाने व बावत वाले धान की बोआई खत्म हो गए है। जिससे किसान के माथे पर चिंता का विषय बन गया था।

कहीं आसमान में छाए बादल से बूंदा-बांदी होने से खेत के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा था। साथ ही कई मोटर पम्प में वॉटरलेवल अब भी कम होने के कारण बन्द पड़े हुए है। रोपा लगाने के लिए किसान 1 जून से धान की बोआई कर नर्सरी तैयार कर लिए है। उक्त शनिवार की सुबह 3-4 बजे झमाझम बारिश होने पर किसान के चेहरे में खुशी देखने को मिला। बीते 4-5 दिनों से लगातार आसमान में काली घटाओं व मौसम में शीतलता की स्थिति सुबह शाम बनी हुई थी, कही बुंदा बांदी की खण्ड वर्षा हो रहे थे।



**60 मिमी वर्षा दर्ज :** शनिवार की बारिश सुबह से शाम तक कम ज्यादा होते हुए लगभग 60 मिलीमीटर फीसदी में बारिश हुई है। इससे अंचल के किसानों को सीधा लाभदायक वर्षा होने का अनुमान लगाया गया। इस बारिश के पानी से अब धान जल्द ही अपनी ऊर्जा के साथ ग्रोथ पकड़ते हुए खेतों में हरा भरा लहलहाती नजर आएंगे। आपको बता दें कि गूगल वेदर के माध्यम से आने वाले सप्ताह की बारिश को देखने पर अगले 6 दिनों तक बारिश होने का अनुमान दिखाया गया है। लिहाजा तहसील बेरला क्षेत्र अंचल के किसानों ने बताया कि इस वर्ष अच्छी वर्षा की उम्मीद है। जिससे सभी किसानों को खरीफ फसल की फायदा होने की उम्मीद जताई जा रहे है। वही सभी किसान मानसून की दस्तक के साथ ही धान की बोआई पूर्ण कर लिया है। सभी किसान अपने अपने क्षेत्रीय सोसाइटी से खाद्य व बीज ला लिए है। सभी को पर्याप्त मात्रा में खाद्य दिया गया। इसी के साथ किसान अपनी खेती की ओर रुख ले लिया है।

# आवारा मवेशियों से मुख्यमार्ग बने खटाल दुर्घटनाओं को न्योता और राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ गांव-गांव के मवेशियों का सड़क पर जमावड़ा, जिम्मेदार नहीं कर हैं कार्रवाई

शहर के प्रमुख मार्गों से लेकर चौक चौराहों तक दिन-रात मवेशियों का डेरा लगा हुआ है , मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस ले जाने नगर पालिका की कार्रवाई शिथिल है ,जिससे ना सिर्फ लोगों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है ! नेशनल हाईवे रायपुर जबलपुर हो या फिर बेमेतरा, दुर्ग मार्ग के दो चार किमी पर मवेशियों का डेरा सड़क पर नजर आ जायेगा ! बारिश के दिनों में आवागमन करने वाले के लिए सड़कों में बैठने वाले मवेशि समस्या उत्पन्न कर रहे और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है !नेशनल हाईवे सर्विस लेन से लेकर प्रमुख मार्ग और चौक चौराहों में इन दिनों मवेशियों का जमघट बना हुआ है जिसे चौक चौराहों का नजारा किसी खटाल से कम नहीं है । वही आम लोगों का कहना है कि प्रशासन भी उदासीन बना हुआ है ओर घटना का इंतजार कर रही है। दूसरी ओर मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस ले जाने संबंधित नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे अभियान भी नजर नहीं आ रहा है ।

### दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है

खासकर रात के समय ग्रामीण अंचलों को जोड़ने वाली सड़कों सहित शहर के मुख्य मार्गों में मवेशियों के उपस्थिति से गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, पूर्व में दुर्घटनाएं भी हो चुकी है बताया गया है कि शहर के मवेशियों के अलावा आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी मवेशी शहर पहुंच रहे हैं यही वजह है कि इन दिनों बड़ी संख्या में मवेशियों का जमघट शहर के विभिन्न स्थानों व मार्गों में नजर आने लगा है मवेशियों के सड़क पर होने से लोगों को आवागमन करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है कई बार तो वाहन चालकों को वाहन से उतरकर मवेशियों को सड़क से हटाना पड़ जाता है।

### बारिश के मौसम में समस्या होगी विकराल

इधर आसपास के ग्रामीण इलाकों गोठानो में भी मवेशियों की उपस्थिति ना होकर, सड़कों व गलियों में बनने लगी है ! बारिश के मौसम में इस तरह की समस्या हमेशा बनी रहती है! पूर्व में नगर पालिका द्वारा मवेशियों की धरपकड़ अभियान चलाया गया था परंतु वर्तमान में यह अभियान लोगों को नजर नहीं आ रहा है। मवेशियों के सड़क पर घूमने वाली जगह बनी रहने से लोगों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।




# जिला जेल में किया विचाराधीन 174 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला जेल में शनिवार को विचाराधीन बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 174 बंदियों की स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ परामर्श और रक्त जांच की सुविधा प्रदान की गई।

कार्यक्रम राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन और छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के सहयोग से संपन्न हुआ। स्वास्थ्य परीक्षण में बंदियों की सामान्य जांच के साथ-साथ एचआईवी व एड्स, सिफीलिस, हेपेटाइटिस और अन्य यौन रोगों के प्रति परामर्श और जांच की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर जिला जेल स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. पवन वर्मा और नर्सिंग ऑफिसर दीपांजलि डेनियल ने बंदियों की प्राथमिक जांच की। वहीं, जिला अस्पताल बेमेतरा के काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सर्विस के काउंसलर पुरानिक नायक ने सभी बंदियों को एड्स के संक्रमण के कारण, बचाव के उपाय, यौन स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षित जीवनशैली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बंदियों को यह भी बताया गया कि किस प्रकार सही जानकारी और सतर्कता के ज़रिए इन रोगों से बचाव संभव है।



**रक्त जांच और तकनीकी सहयोग**

रक्त जांच की जिम्मेदारी एमएलटी संजय तिवारी ने निभाई। उन्होंने प्रत्येक बंदी का रक्त सैंपल लेकर एचआईवी, सिफीलिस, हेपेटाइटिस आदि के लिए परीक्षण किया। रिपोर्ट को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए संरक्षित किया गया।

### जेल प्रशासन की सक्रिय भागीदारी

इस स्वास्थ्य शिविर में जिला जेल अधीक्षक, फार्मासिस्ट दीक्षा अंगारे, जेल प्रहरी और अन्य जेल स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने शिविर के आयोजन में सहयोग देते हुए व्यवस्था बनाए रखी। बंदियों को लाइन में लगाकर क्रमबद्ध तरीके से जांच और परामर्श दिलवाया गया। **बंदियों में जागरूकता का संचार:** इस शिविर से विचाराधीन बंदियों को न सिर्फ शारीरिक जांच की सुविधा मिली बल्कि मानसिक और सामाजिक जागरूकता का भी लाभ मिला। कई बंदियों ने परामर्श सत्र के बाद स्वास्थ्य और स्वच्छता के विषय में अपने अनुभव साझा किए और ऐसे शिविरों को उपयोगी बताया। **स्वास्थ्य अधिकारों के निर्देश पर पहल** : जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की यह पहल जेल के अंदर स्वास्थ्य अधिकारों की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम से यह संदेश भी गया कि बंदियों की सेहत और जागरूकता समाज के पुनर्वास की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंदिर में की पूजा अर्चना



**कवर्धा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार कवर्धा स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था का केन्द्र पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और मंत्रोच्चारण के साथ महादेव की आरती में सम्मिलित होकर प्रदेश एवं जिले के नागरिकों के लिए सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

### छत्तीसगढ़ बीआरपी संघ पदाधिकारी मिले सीएम से




**स.लोहारा।** छत्तीसगढ़ बीआरपी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में सहसपुर लोहारा के बीआरपी नरेश कुमार सोनी ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में शामिल संघ के सौम्या देवांगन, डीकेश साहू ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण के लिए विगत 15, 20 वर्ष से संविदा में कार्यरत कर्मियों को नियमित करने एवं बीआरपी के लिए विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कार्यालय में मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की। जिसमें प्रमुख रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यरत संविदा बीआरपी (समावेशी शिक्षा) को नियमित करने की मांग की एवं अधिक शिक्षक भर्ती के लिए आग्रह किया।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में मनाया गया पर्यावरण दिवस



**कवर्धा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, कवर्धा में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने ग्रीन हाउस के विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली विशेष प्रार्थना सभा प्रस्तुत की गई। सभा में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों को दर्शाते हुए एक लघु नाटक प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित अंग्रेज़ी भाषण, कविता पाठ, तथा ग्रीन प्लेज (हरित संकल्प) के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही विद्यालय में सीसीए के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को समाज से जोड़ने हेतु शैक्षणिक भ्रमण भी आयोजित किया गया। जिसके तहत कक्षा 6 के छात्र-छात्राओं ने स्थानीय डाकघर का भ्रमण कर वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने राइस मिल धान प्रसंस्करण इकाई जाकर धान से चावल बनने की प्रक्रिया को देखा। कक्षा 8 के छात्रों ने ग्राम पंचायत कार्यालय का दौरा कर पंचायत की योजनाओं एवं प्रशासनिक प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

### हाई स्कूल छिरहा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन



**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा में बड़े उत्साह के साथ शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जो नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक नई शुरुआत का प्रतीक बना। इस अवसर पर विद्यालय में कदम रखने वाले सभी नए छात्र-छात्राओं का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह स्वागत समारोह न केवल उन्हें सम्मानित करने का एक तरीका था, बल्कि उन्हें यह अहसास दिलाने का जरिया था कि वे अब एक बड़े और सहायक शैक्षणिक परिवार का हिस्सा हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया, तत्पश्चात सभी नवप्रवेशियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं, जो उनकी शिक्षा यात्रा को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह शाला प्रवेश उत्सव केवल नए विद्यार्थियों के स्वागत का कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि उन्हें एक उज्ज्वल और सफल भविष्य की ओर अग्रसर करने का एक महत्वपूर्ण संकल्प भी है। हाई स्कूल छिरहा अपने सभी नए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है और उन्हें हर कदम पर सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष चैनसिंह पटेल, सरपंच सुरेश पटेल एवं भगत पात्रे ने विद्यार्थियों को विद्यालय में उपलब्ध सभी सुविधाओं का बेहतर उपयोग करने और कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रेरणादायी अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष चैनसिंह पटेल, सरपंच सुरेश पटेल, प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, भगत पात्रे, पूरन पटेल, सुखी पटेल, सुखनंदन दास, श्यामू पटेल, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव, अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

**अनदेखी:** पहली बारिश में विकास की गारंटी की खुली पोल, कोलेगांव-हथमुड़ी मार्ग ताल में तब्दील

# जिले के ग्रामीण अंचल की प्रायः हर सड़क में प्राकृतिक सोखता गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

जैसी की आशंका जताई जा रही थी ठीक उसी के अनुरूप वर्षाकाल प्रारंभ होते ही जिले के ग्रामीण अंचलों में शासन के तथा कथित विकास की पोल खुलने लगी है। सत्तारूढ दल भाजपा और उसके नुमाईदों के विकास के दावों के बीच बारिश का सबसे ज्यादा विपरीत प्रभाव जिले के खस्ताहाल और जर्जर सड़कों पर दिखाई दे रहा है। स्थिति ये है कि पहले ही डामर विहीन और गड्ढों में तब्दील हो चुकी ये सड़कें पहली ही बारिश में अब ताल में तब्दील होने लगी है। जिनमें वाहनो का चला तो दूर पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ ही खेती किसानी के इस सीजन में किसानो तथा स्कूली बच्चों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़कों को विकास की रीढ़ बताने वाले सत्ता सरकार में बैठे क्षेत्रीय औहदेददार जनप्रतिनिधि तथा सक्षम आला प्रशासनिक विभागीय अधिकारी भी क्षेत्र के विकास में रोढ़ा अटकाने वाली तथा लोगों के लिए जीवलेवा साबित हो रही इन खस्ताहाल और जर्जर सड़कों के प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं और आंख चुराकर भाग रहे हैं। सत्ताशीन सरकार के विकास और उस पर विकास की गारंटी का एक नमूना जिले की पंडरिया विधानसभा के ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी मार्ग में साफ देखी जा सकती है। बताया जाता है कि वर्षो पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस मार्ग का डामरीकरण कराया गया था ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को बारहमासी आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके और क्षेत्रवासियों के विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके।

#### बिलासपुर और कवर्धा जिला मुख्यालय को जोड़ती है सड़क



क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की यह सड़क क्षेत्रवासियों के लिए बेहद उपयोगी है। यह सड़क क्षेत्र को बिलासपुर तथा जिला मुख्यालय कवर्धा से जोड़ती है। प्रतिदिन हजारों ग्रामीण, किसान तथा विद्यार्थी इस सड़क से आना जाना करते हैं। इसी सड़क से जरूरतमंदों के लिए डॉयल 112, 108 एम्बलेंस तथा 102 जजकी के लिए महतारी एक्सप्रेस क्षेत्र में पहुंचती है। लेकिन सड़क की हालत खस्ता और जर्जर होने के कारण जरूरतमंदों तक उनके जीवन से जुड़ी आवश्यक सेवाएं पहुंचना तक मुस्किल हो गया है।

#### सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने का दिया जा रहा झांसा

क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि कोलेगांव-हंथमुड़ी सड़क नवीनीकरण अथवा मरम्मत के संबंध में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से सवाल जवाब करने पर उनके द्वारा करीब तीन पूर्व से सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने का झांसा दिया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने सवाल उठाते हुए कहा कि अगर शासन द्वारा सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है तो अभी तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ क्यों नहीं किया गया। अव्यवस्था तथा उपेक्षा से नाराज ग्रामीणों ने यह भी कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि संबंधित विभाग ने स्वीकृत राशि से सड़क का निर्माण कागजों में कर राशि की बंदरबांट कर ली हो। बहरहाल यह जांच का विषय है कि अगर सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है तो फिर अभी तक निर्माण कार्य क्यों प्रारंभ नहीं किया गया है?

#### जिलेभर में खस्ताहाल सड़कों का रोना

वर्षाकाल में यह स्थिति सिर्फ विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव-हथमुड़ी मार्ग भर की नहीं है बल्कि जिले के विकासखण्ड कवर्धा, स. लोहारा तथा बोड़ला के भी अधिकांश ग्रामों के पहुंच मार्गो की कमोबेश यही स्थिति है। जिनके प्रति शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय औहदेदार नेता व अधिकारी वर्षो से उपेक्षा पूर्ण नीति अपनाए हुए हैं। जो न सिर्फ सरकार के विकास की बल्कि चुनाव के समय दी गई विकास की गारंटी की भी पोल खोल रही है।

लेकिन क्षेत्र के ग्रामीणों की माने तो पहले ही सड़क निर्माण में संबंधित कार्य एजेंसी और उसके चहेते ठेकेदार द्वारा बरती गई भारी अनियमितता और उस पर रखरखाव के आभाव में क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों और हजारों ग्रामीणों, किसानो व विद्यार्थियों के लिए बहुउपयोगी सड़क जर्जर व खस्ताहाल हो गई। इस बीच क्षेत्रवासियों ने दर्जनो वार शासन-प्रशासन से लेकर क्षेत्रीय औहदेदार जनप्रतिनिधियों से सड़क नवीनीकरण अथवा मरम्मत कराए जाने की अर्जी विनती की गई लेकिन किसी के भी कान में जूं तक नहीं रेंगी। प्रभावित क्षेत्रवासियों ने कई बार अपनी आवागमन की समस्या और पीड़ा अखबारों व सोशल मीडिया के माध्यम से भी सांसद, मंत्री, विधायक, प्रशासनिक अधिकारियों और विभाग तक पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन सभी ने ग्रामीणों की इस समस्या और पीड़ा को अनदेखा तथा अनसुना कर दिया। नतीजतन आज वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ ही पहली बारिश में बड़े-बड़े गड्ढों से पट चुकी यह सड़क ताल में तब्दील हो चुकी है। सड़क में निर्मित इन गड्ढों में बारिश का इतना पानी जमा हो गया है कि, मानो शासन-प्रशासन को जल सरंक्षण अभियान के तहत सोख पिट (सोखता गड्ढा) का निर्माण कराने की जरूरत ही नहीं है। ग्रामीणों ने एक बार फिर शासन-प्रशासन से कोलेगांव-हथमुड़ी सड़क निर्माण की मांग की है।

## झिरिया खुर्द के मंदिर में अज्ञात चोर ने किया हाथ साफ, चांदी की प्रतिमाएं व टुल्लू पंप गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



जिले के पंडरिया थाना क्षेत्र की खस्ताहाल और चौपट कानून व्यवस्था के बीच अज्ञात चोरों ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानीरात थाना क्षेत्र के ग्राम झिरिया खुर्द के एक मंदिर में दबिस देकर हांथ साफ कर दिया। बताया जाता है कि अज्ञात चोर मंदिर से चांदी की मूर्ति तथा टुल्लू पंप ले उड़े। घटना की जानकारी होने के बाद मंदिर के पुजारी और ग्रामीणों ने पंडरिया थाना पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर घटना स्थल का मौका मुआयना करने के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अपनी विवेचना शुरू कर दी है लेकिन अभी तक अज्ञात चोर का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम झिरिया खुर्द में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर ने स्थानीय बम्हनदाई मंदिर के दरवाजे में लगा ताला तोड़कर मंदिर में रखी दो नग चांदी की प्रतिमा और एक टुल्लू पंप पार कर दिया। घटना की जानकारी मंदिर के पुजारी को शनिवार की सुबह उस समय हुई जब वे रोज की तरह मंदिर खोलने पहुंचे। मंदिर के पुजारी के मुताबिक जब वे मंदिर पहुंचे तो मंदिर का ताला पहले से ही खुला पड़ा था। जिसे देखते ही उन्हें चोरी की आशंका हुई और उन्होने जब मंदिर के अंदर जाकर देखा तो चांदी की प्रतिमाएं व टुल्लू पंप गायब था। जिसकी सूचना उन्होने तत्काल ग्रामीणों को दी और बाद में ग्रामीणों के साथ पंडरिया थाना पहुंचकर चोरी की रपट दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने मंदिर का मुआयना करने के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक अज्ञात चोर का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वहीं गांव के मंदिर में हुई इस चोरी की बारदात को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। उन्होने पुलिस प्रशासन की लचर कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं तथा आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

### पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य ने सुदूर वनांचल क्षेत्र का किया दौरा



**कवर्धा।** राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य ने गत दिनो कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के साथ जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र का दौरा किया। पुलिस महानिरीक्षक श्री शांडिल्य ने थाना चिल्फी अंतर्गत ग्राम पंचायत बोककरखार के आश्रित ग्राम तेंदुपड़ाव पहुंचकर कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित अस्थायी प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। यह स्कूल विशेष रूप से बैगा जनजाति के बच्चों की शिक्षा के लिए प्रारंभ किया गया है, जहां नियमित रूप से बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री कॉपियां, पुस्तकें, पेन-पेंसिल, रंग सामग्री, स्कूल बैग आदि वितरित की। शैक्षणिक सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास का भाव साफ दिखाई दिया। ग्राम तेंदुपड़ाव पहुंचने पर ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ी परंपरा अनुसार पुलिस महानिरीक्षक का आत्मीय स्वागत किया। बैगा समाज के वरिष्ठजनों ने उन्हें पारंपरिक पागा पहनाया और बिरन माला भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, डीएसपी संजय ध्रुव, अखिलेश कौशिक, भूपत सिंह, आशीष शुक्ला, चिल्फी थाना प्रभारी उमाशंकर राठौर, सरपंच मंगतू बैगा सहित अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

## भू-माफिया और प्रशासनिक व्यवस्था से त्रस्त किसान ने कलेक्टर से इच्छा मृत्यु की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कबीरधाम जिले के पंडरिया निवासी एक कृषक ने भू-माफिया तथा शिकायत के बाद भी प्रशासनिक उपेक्षा से त्रस्त होकर अब कलेक्टर को बकायदा एक लिखित आवेदन सौंपकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। अपनी समस्या व मांग लेकर जिला कार्यालय पहुंचे पीड़ित किसान मनीष पाण्डेय पिता मदनलाल पाण्डेय निवासी पंडरिया ने बताया कि वे बीते कई वर्षों से अपनी कृषि भूमि पर भू-माफिया द्वारा किए गए अवैध कब्जे से मुक्ति पाने के लिए राजस्व विभाग के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कई बार पटवारी, आरआई और राजस्व अधिकारियों को आवेदन देकर सीमांकन की मांग भी की, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन और तारीखें ही मिलीं। उन्होंने बताया कि गत 23 जून 2025 को कलेक्टर कार्यालय से भू-अभिलेख शाखा ने संबंधित पटवारियों तथा आरआई को सीमांकन कर प्रकरण का त्वरित निराकरण करने का आदेश भी जारी किया था। आदेश के बाद दो पटवारी और दो आरआई सीमांकन के लिए मौके पर पहुंचे, लेकिन वे वहां खसरा नंबर में त्रुटि बताकर जांच अधूरी छोड़ वापस लौट गए। विभाग की इस उपेक्षा पूर्ण और टालमटोल कार्यवाही से त्रस्त व निराश होकर किसान मनीष पाण्डेय ने अब सीधे कलेक्टर कवर्धा के समक्ष पेश होकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। हालांकि, कलेक्टर ने उन्हें समझाइश दी और भू-माफिया के खिलाफ जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन तथा पुलिस इस मामले में कब तक और क्या कार्यवाही करता है।

## लगातार के हादसों के बाद भी नहीं सुधर रही विद्युत व्यवस्था, फिर गई मवेशी की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



एक के बाद एक लगातार विद्युत करंट की जीवलेवा दुर्घटनाएं सामने आने के बाद भी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी जिले में अपनी खस्ताहाल और चरमाराई विद्युत व्यवस्था को दुरूस्थ करने कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि शासन-प्रशासन भी इस गंभीर विषय पर कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। ताजा मामला एक बार फिर जिले के ग्राम बिरनपुर से सामने आया है। जहां शनिवार की शाम गांव में लगे एक विद्युत तार में बारिश के बाद फैले करंट की चपेट में आने से एक गाय की करंट से दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय ग्राम दूधेश्वर चन्द्राकर ने बताया कि ट्रांसफार्मर में जर्जर केबल तार खुला जमीन के करीब लटक रहा है जिसकी चपेट में आने से घास चरती गौमाता उसकी चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। श्री चन्द्राकर ने बताया कि इस अव्यवस्था को लेकर कई बार कनिष्ठ अभियंता इंदौरी, सहायक अभियंता पिपरिया व कार्यपालन अभियंता को लिखित व मौखिक रूप से निवेदन किया जा चुका है लेकिन व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया और आज यह हादसा हो गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की इस घोर लापरवाही पर गंहरी नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाह क्षेत्रीय विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

**जरूरतमंद एवं गरीब लोगों की सेवा, सुरक्षा एवं सहायता के लिए हमेशा विधायक हमेशा तत्परः रविशंकर**

## जंगलपुर पहुंचा हेल्थ लैब, 180 से अधिक लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



विधानसभा पंडरिया सहित जिले के आसपास के क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों तक बेहतर और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की मंशा से क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का संचालन लगातार किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। भाजपा मण्डल पांडातराई मोहगांव के महामंत्री रविशंकर चंद्रवंशी ने बताया कि इसी कड़ी में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा संचालित निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का आयोजन विधानसभा पंडरिया के ग्राम जंगलपुर में किया गया। इस निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से 180 से अधिक ग्रामवासियों ने अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि इस निःशुल्क हेल्थ लैब में लोगों को 20 से अधिक प्रकार के गंभीर और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिसमें मुख्य रूप से अलकेलाइन फॉस्फेटस, एसजीओटी (एसएल), एसजीपीटी (एसएल), बिलीरुबिन टोटल और डाईरेक्ट, ग्लुकोज (एसएल), कोलेस्ट्रॉल (एसएल), ट्राइग्लिसराइड्स (एसएल), एचडीएल-सी डाईरेक्ट, कैलिब्रेटर के साथ, क्रिएटिनिन, यूरिया यूवी (एसएल), यूरिक एसिड (एसएल), एल्युमिन, सीवीसी (आरवीसी, डब्ल्यूबीसी, प्लेटलेट और एचवी सहित), मलेरिया, डेंगू जैसे जटिल बीमारियों की जांच सुविधा उपलब्ध कराई गई। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि जरूरतमंद एवं गरीब लोगों की सेवा, सुरक्षा एवं सहायता के लिए अनवरत कार्य करने वाली पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों को हो रही स्वास्थ्य सुविधाएं संबंधी परेशानियों को देखते हुए इस सेवा का संचालन प्रारंभ किया था जिसका लाभ आज क्षेत्रवासियों को निरंतर मिल रहा है। उन्होने कहा कि यह भावना दीदी के ही प्रयासों का नतीजा है कि जो 20 से भी अधिक अलग-अलग, जटिल व सामान्य जांच निजी लेवों में लगभग 200 से 2000 रुपए तक में की जाती है, वह सुविधा अब लोगों को उनके गांव में निःशुल्क मिल रही है। जिससे लोगों में खुशी देखी जा रही है। पांडातराई मोहगांव मंडल अध्यक्ष प्रदीपपुरी गोस्वामी, महामंत्री रविशंकर चंद्रवंशी, श्रीमती अहिल्या चंद्रवंशी मंडल मंत्री, योगेश बंजारे मंडल मंत्री, भरत चंद्रवंशी महामंत्री ओबीसी मोर्चा, झम्मन चंद्रवंशी शक्ति केन्द्र संयोजक, हरीश चंद्रवंशी भाजयुमो उपाध्यक्ष, हरीश चंद्रवंशी सरपंच, विनोद चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, भीषम चंद्रवंशी, संदीप तिवारी, होरी लाल, कुशाल चंद्रवंशी, गोपी चंद्रवंशी, सुरेश साहू, परमानंद साहू, अमन चंद्रवंशी, प्रहलाद चंद्रवंशी,लक्की चंद्रवंशी, धनेश्वर चन्द्रवंशी सहित सभी उपस्थित लोगों ने ग्राम जंगलपुर में निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब की सुविधा उपलब्ध कराने पर उत्कृष्ट विधायक भावना दीदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## पेंड्रीकला के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

एक तरफ प्रदेश सरकार जिले में आयोजित चाऊंर तिहार के तहत राशन कार्डधारियों को मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत एक मुस्त तीन माह का राशन वितरण कर रही है वहीं दूसरी तरह जिले के कुछ गांव ऐसे भी जहां के उपभोक्ताओं को तीन माह का क्या चावल ही नहीं मिल पा रहा है।

कहीं सर्बर की समस्या खड़ी हो रही है कहीं उचित मूल्य की राशन दुकानों में चावल का भण्डारण ही नहीं किया गया है। जिले के विकासखण्ड पंडरिया का ग्राम पेड्रीकला ऐसे ही मांग में से एक है। जहां संचालित उचित मूल्य की दुकान से उपभोक्ताओं को शासन की योजना के तहत चावल नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों तथा उचित मूल्य की राशन दुकान संचालक की माने तो यहां चावल का भण्डार नहीं किया गया है जिसके कारण उपभोक्ताओं को चावल का वितरण नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि राशन दुकान चावल नहीं मिले के कारण उन्हें बाजार से मंहगा चाल लेकर गुजारा करना पड़ रहा है। जो गरीब ग्रामीणों के लिए काफी तकलीफ दायक है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल चावल का भण्डारण कराए जाने की मांग की है।

बैठक

जिले के 500 से अधिक शिक्षक प्रशिक्षण में सम्मिलित होंगे

# प्राइवेट स्कूलों का शिक्षक प्रशिक्षण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 20 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक देंगे प्रशिक्षण



समाधान महाविद्यालय में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई जिसमें आर टी ई पोर्टल के संबंध में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के सदस्य संचालकों एवं संचालक प्रतिनिधियों को दिया गया यह प्रशिक्षण संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी के सहसचिव कृष्ण कुमार सोनी द्वारा प्रदान किया गया जो रॉयल पब्लिक स्कूल के संचालक हैं।

इस अवसर पर महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर आरटीई पोर्टल और उसमें आ रही त्रुटि को सुधारने संबंधी प्रश्नोत्तरी भी किया गया I आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अवधेश पटेल ने बताया कि आज संगठन की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि आगामी जुलाई माह में 20 जुलाई रविवार को एक दिवसीय महत्वपूर्ण प्रशिक्षण 500 से अधिक शिक्षकों को एलंस पब्लिक स्कूल बेमेतरा में संगठन के द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में बेमेतरा जिले के एसोसिएशन से जुड़े 500 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में दिल्ली मुनि इंटरनेशनल स्कूल के संचालक डॉक्टर अशोक ठाकुर जो एक इंटरनेशनल शिक्षाविद एवं लेखक हैं जिनके स्कूल को यूनेस्को ने वर्ल्ड स्टार के रैंकिंग में सातवां नंबर का अवार्ड प्रदान किया है जो देश में बजट स्कूल में सीबीएसई में पिछले 8 वर्षों से लगातार नंबर वन स्कूल बना हुआ है और जापान सरकार का एकमात्र भारत देश का पार्टनर स्कूल है आप संगठन के सदस्य शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, एवं इनके अलावा श्री मुकेश शाह, शिक्षाविद डायरेक्टर शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गोविंद मुदलियार, शिक्षाविद, डॉ अवधेश पटेल, नेशनल मेमोरी एंड माइंड पावर ट्रेनर, एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविदों से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन में बेमेतरा जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी संगठन के माध्यम से किया जाएगा एवं प्रत्येक स्कूल से एक बेस्ट टीचर का भी सम्मान प्रदान किया जाएगा। आज इस मीटिंग में समूचे बेमेतरा जिले के लगभग 30 से अधिक संचालक गण एवं उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुए जिसमें मुख्य रूप से संगठन के सचिव रामकुमार भारती, गजपाल सिंह खुराना, राजेशधर दीवान, जितेंद्र सिंह राजपूत, मालिक राम वर्मा, डॉक्टर रेवाराम पाल, दिलहरण कुमार साहू, विवेक तिवारी, नोहर साहू, श्रीपति साहू, विभिन्न स्कूलों से संचालक गण एवं उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुए सभी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने-अपने विचार साझा किया एवं पाठ्य पुस्तक को अति शीघ्र प्रदान करने जिला शिक्षा अधिकारी को एवं पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखने की सहमति बनी।



# कोलेगांव में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई

■ ग्रामीणों ने दर्शन कर क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा प्रभु श्रीराम मंदिर से निकाली गई। वहीं नगर भ्रमण करते हुए मां महामाया, मां शीतला मंदिर, ब्राह्मण पारा से होते हुए नगर के मुख्य चौंक चौराहा में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। वहीं ग्राम कोलेगांव वासियों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने-घर परिवार की सुख, शांति व समृद्धि के लिए कामना की, वहीं आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

बताया जाता है कि भारत के उड़ीसा राज्य का पुरी क्षेत्र जिसे पुरुषोत्तम पुरी, शंख क्षेत्र, श्रीक्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है, भगवान श्री जगन्नाथ की मुख्य लीला-भूमि है। उत्कल प्रदेश के प्रधान देवता श्री जगन्नाथ ही माने जाते हैं, यहां के वैष्णव धर्म की मान्यता है कि राधा और श्रीकृष्ण की युगल मूर्ति के प्रतीक स्वयं श्री जगन्नाथ हैं।

इसी प्रतीक के रूप भगवान श्री जगन्नाथ से सम्पूर्ण जगत का उद्भव हुआ है। भगवान श्री जगन्नाथ पूर्ण परात्पर भगवान है और श्रीकृष्ण उनकी कला का एक रूप है। ऐसी मान्यता श्री चैतन्य महाप्रभु के शिष्य पंच सखाओं की है। पूर्ण परात्पर भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को जगन्नाथपुरी में आरम्भ होती है। गुंडीचा मंदिर को गुंडीचा बाड़ी भी कहते हैं। यह भगवान का जन्मस्थान है। इस मंदिर के बारे में पौराणिक मान्यता है कि यहीं पर देवशिल्पी विश्वकर्मा ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी की प्रतिमाओं का निर्माण किया था।

# कांवड़ियों व श्रद्धालुओं को मेडिकल, ठहरने मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

पवित्र सावन मास 11 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है और सावन मास का प्रथम सोमवार 14 जुलाई को होगा, इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को कवर्धा प्रवास के दौरान जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सावन माह के अवसर पर जिले में होने वाले भव्य कांवड़ यात्रा और भोरमदेव पदयात्रा सहित श्रद्धालुओं के भोरमदेव दर्शन की समुचित तैयारियों को लेकर भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट कबीरधाम के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, संघ के प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी की बैठक ली। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी से विस्तृत चर्चा कर सावन माह में पूरे माह तक चलने वाली कांवड़ यात्रा की तैयारी संबंधी सुझाव आमंत्रित किए एवं संबंधित अधिकारियों को समन्वयात्मक ढंग से कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने कवर्धा से अमरकंटक तक एवं वापसी में अमरकंटक से हनुमंत खोल से होते हुए पोलमी, कुकदूर, पंडरिया, डोंगरिया, भोरमदेव और पंचमुखी बूढ़ा महादेव मार्ग तक की साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, ठहराव स्थलों की व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण आदि बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि है और शासन की मंशा है कि सभी श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और भावनात्मक अनुभव प्राप्त हो।

# प्रयास आवासीय विद्यालय में बारगांव के मंजू वर्मा का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

प्रयास आवासीय विद्यालय की 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल बारगांव से मंजू वर्मा पिता संतोष वर्मा का चयन हुआ है। हाल ही में आए परीक्षा परिणाम में बारगांव से मंजू का पहली बार चयन होने पर स्कूल का नाम गौरान्वित की है। संकुल समन्वयक सुरेंद्र पटेल ने बताया कि बेरला ब्लॉक से चयनित विद्यार्थियों में 10 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इन बच्चों ने संकुल समन्वयक सुरेंद्र पटेल की मदद से चरणबद्ध तैयारी की थी। इसका परिणाम यह रहा कि बड़ी संख्या में बेरला ब्लॉक में विद्यार्थी परीक्षा पास कर सके।



प्रदेश में प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा, कोरबा, जगदलपुर सहित 15 स्थानों पर संचालित हैं। यहां 9वीं से 12वीं तक निशुल्क शिक्षा दी जाती है। जेईई, नीट, कैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाती है। शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल बारगांव से मंजू वर्मा के चयन पर भाजपा के भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष शुभम वर्मा व सरपंच शशिकला मिश्रा ने स्कूल एवं परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा की भविष्य में भी इसी तरह शिक्षकों एवं छात्रों का प्रयास जारी रहे और ग्राम, स्कूल व परिवार का नाम रोशन करते रहे।

### बेरला ब्लॉक से 10 बच्चों का चयन

प्रयास आवासीय विद्यालय में बेरला ब्लॉक के ओबीसी वर्ग से खेमराज साहू, लोकेश्वर साहू, कावेरी, दीक्षा साहू। रागिनी साहू। मंजू वर्मा वहीं अनुसूचित जाति से आलोक कुमार, गौरव, रूपाली राकेश, काव्या कुर्रे का चयन हुआ है।

## बाजार चारभाठा विद्यालय में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** बाजार चारभाठा विद्यालय में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत स लोहारा, अध्यक्ष शाला विकास समिति सुदर्शन कुम्भकार एवं अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा रणवीरपुर मण्डल ने अपने सम्बोधन में शिक्षा के प्रति शासन की कई महत्वपूर्ण योजनाओं और बातो को साझा किया, जिसमे निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, यूनिफार्म, बेटियों के लिए सायकल, स्कॉलरशीप साथ ही योग्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन, साथ ही बच्चो से स्कूली कार्यक्रम में अपने-अपने पालकों से ज्यादा से ज्यादा शामिल होने अपील की गई। कार्यक्रम में शिवम कुम्भकार सरपंच, गजाधर कौशिक अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, गिरधारी कौशिक पूर्व सरपंच, डॉ अनिल मंडावी, जगेश्वर मंडावी, प्राचार्य हाई स्कूल, भागीरथी साहू प्रधान पाठक, भगवानी पाटिल प्रधान पाठक, महेंद्र साहू शिक्षक, ह्यूमचंद अनंत, दुर्गेश मानिकपुरी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र छात्राओं की उपस्थित में कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं कार्यक्रम में कक्षा पहली से 12वी तक के बच्चे उत्साहित होकर प्रवेश उत्सव में शामिल हुए एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही निःशुल्क पुस्तक, निःशुल्क ड्रेस का वितरण किया गया तत्पश्चात पौधरोपण किया गया।

## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार के कार्यकाल में देश ने चौतरफा विकास किया: अश्वनी यदु



**हरिभूमि कवर्धा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल में देश ने विकास की क्षेत्र में आसमान को छुआ है और विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है। उक्त बात मोदी के 11 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर पूर्व सभापति एवं भाजपा नेता अश्वनी ने कहा कि विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष में मोदी सरकार में स्वास्थ्य के क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में, नौकरी के क्षेत्र में, कृषि क्षेत्र में एवं बुनियादी सुविधाओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है। श्री यदु ने कहा मोदी की शासन काल में कॉलेजों की संख्या दोगनी हुई, 2014 में मेडिकल कॉलेज की संख्या 387 थी जो 2025 में बढ़कर 780 हो गया, वही एमबीबीएस सीटों की संख्या 51.348 से बढ़कर 2024 1.18 लाख हो गई है। मोदी सरकार पिछले 11 वर्षो में 17.1 करोड़ नौकरियां निकली है, स्टार्टअप से 1.61 लाख युवाओं को नौकरी मिली, वही स्किल इंडिया मिशन के तहत अब तक 2.27 करोड़ से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग दी गई है। उन्होने कहा पिछले 11 वर्षो में मोदी सरकार ने युवा को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए नई शिक्षा नीति के साथ कौशल विकास और स्टार्ट अप्स पर फोकस से हमारे युवा विकसित भारत के संकल्प के अहम भागीदार बने है और ये देश के लिए अत्यंत प्रसन्नता और खुशी की बात है कि आज देश की युवा राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने: मनोज भास्कर



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा के ब्लॉक अध्यक्ष ग्राम पंचायत कुण्डा के वार्ड क्रमांक 13 के पंच मनोज भास्कर की नियुक्ति की गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री मो.अकबर, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू, नीलकंठ चंद्रवंशी, पूर्व विधायक पंडरिया श्रीमती ममता चंद्राकर, पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग महेश चंद्रवंशी के अनुमति से जिला अध्यक्ष कांग्रेस होरीराम साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा अध्यक्ष उतरा दिवाकर के अनुसंशा पर प्रदेशाध्यक्ष असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ कुण्डा के पद पर मनोज भास्कर की नियुक्ति की है, उनकी नियुक्ति कांग्रेस पार्टी के प्रति कर्मठता निष्ठावान के चलते नियुक्ति की गई है। उनके नियुक्ति पर कांग्रेसियों ने बधाई प्रेषित कर शुभकामनाएं दी।

# अनदेखी: पानी टांकी निर्माण दो वर्षों से अधूरा, जिम्मेदार बेपरवाह

## शिकवा शिकायत के बाद ग्रामीण मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरबसपुर

शासन-प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना नल जल जीवन मिशन योजना के तहत हर-घर नल कनेक्शन किया गया, लेकिन नल जल योजना कवर्धा ब्लॉक क्षेत्रांतर्गत ऊंट के मुंह में जीरा जैसे कहावत को चरितार्थ करते नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द में अमृत नल जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माण कार्य किया जा रहा है जो पिछले दो वर्षो से आधा अधूरा होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पानी टंकी निर्माण कार्य में जिम्मेदारों भारी अनदेखी व घोर लापरवाही के कारण आज पर्यंत तक पानी टंकी निर्माण कार्य आधा अधूरा होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बताया जाता है कि क्षेत्र में पानी टंकी नौ दिन चले, अढ़ाई कोस की कहावत पर बिल्कुल सटीक बैठ रही है। क्षेत्र में शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण योजना नल जल मिशन योजना कार्य कछुआ चाल में निर्माण कार्य होने से दो वर्षो से आधा-अधूरा व योजना का जमीनी स्तर पर नहीं उतर पाई है। यही कारण ही ग्रामीणों मे भारी आक्रोश व्याप्त है। यहां बताना लाजिमी होगा कि विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द में विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य पिछले दो वर्षो से किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदारों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की भारी अनदेखी व उदासीनता का खामियाजा ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणो ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल मिशन योजना जल्द से जल्द तेज गति से निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामवासियों को महत्वपूर्ण योजना का लाभ मिल सकें।

### ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लाभ से वंचित, सड़क जर्जर



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बीजाझोरी से बरबसपुर, डबराभाट से बरबसपुर, दौजरी से डबराभाट, नाऊडीह से घुकसा और नाऊडीह से बीजाझोरी तथा सारंगपुर खुर्द, बाझीमौहा, जेवड़न खुर्द, सारंगपुर खुर्द से जमुनिया तक पहुंच मार्ग सड़क कच्ची होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के रहवासियों को बुनियादी सुविधाएं पिछले 35 वर्षो से जुझना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन प्रशासन द्वारा एक पंचायत से दूसरे ग्राम पंचायत तक पहुंचने के लिए सड़को का जाल बिछाया गया लेकिन आज 35 वर्षो ने तक क्षेत्र के ग्रामीण कच्ची सड़कों से आवाजाही करने मजबूर है।

### बरसात में उठानी पड़ रही भारी दिक्कते

ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार पीएम सड़क कच्ची होने के कारण क्षेत्रवासियों को बरसात के समय में भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर स्कूली छात्र छात्राओं व राहगीर पक्की सड़क के अभाव में सड़क दुर्घटना के शिकार व गिरकर चोटिल हो रहे है।

## अशोका पब्लिक स्कूल में जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

अशोका पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ रथ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जगन्नाथ भगवान की परंपरागत रथ यात्रा के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय संचालक पवन देवांगन, संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन तथा प्राचार्य लोकनाथ देवांगन द्वारा प्रभु श्री जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की मूर्तियों की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई।

इसके पश्चात विद्यालय प्रांगण से रथ यात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें छात्राओं ने भगवान के तीनों स्वरूपों को सुसज्जित रथ में विराजमान कर भजन-कीर्तन के साथ भ्रमण कराया। पूरे परिषर में भक्ति एवं उल्लास का वातावरण व्याप्त था। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जैसे भजन, कविता, नृत्य एवं नाट्य के माध्यम से भगवान श्री जगन्नाथ की महिमा का वर्णन किया।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण




रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

ग्रामीण व राहगीरों को आवागमन में करनी पड़ रहा दिक्कतों का सामना

# कुण्डा से महका प्रधानमंत्री पहुंच मार्ग जर्जर, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुण्डा



कुण्डा से महका प्रधानमंत्री मार्ग सड़क का हाल खस्ता हो चुका है, जिससे राहगीरों को आवागमन करने में काफी असुविधा होती और हमेशा सड़क हादसा होने की भय राहगीरों में बना रहता है। मिली जानकारी के अनुसार 2018 में ग्राम कुण्डा से सेन्हाभाटा के बीच प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत लागत राशि 49.19 लाख रुपए से 3 किलो मीटर तक पहुंच मार्ग का निर्माण ठेकदारों द्वारा 5 वर्ष की गारंटी दी गई थी लेकिन सड़क निर्माण पश्चात गारंटी अवधि में एक बार भी ठेकेदार द्वारा इस ओर झांक कर भी नहीं देखा गया। फलस्वरूप ठेकेदार व संबंधित विभाग के देख-रेख के अभाव में सड़क गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील हो गया है, जबकि सड़क निर्माण के वर्ष भर बाद हर बार बरसात के बाद झाड़ियों की कटाई एवं सफाई बरसात के बाद रैन कट की सफाई आवश्यकता अनुसार मिट्टी, सोल्डर व मरम्मत संधारण कार्य आवश्यकता अनुसार पाट होल्डर संधारण कर सड़क किनारे नाली सफाई एवं मरम्मत कार्य किया जाना चाहिए, सड़क का हाल जर्जर और खस्ता होने के कारण ग्रामीण व राहगीर सड़क हादसे का शिकार हो रहे है।

### इस मार्ग में कई सरकारी कार्यालय संचालित

खास बात है कि इस मार्ग में विद्युत कार्यालय, परियोजना कार्यालय, सह संसाधन केंद्र, तहसील कार्यालय भवन, शासकीय मंदिरालय संचालित है। जिसके वजह से इस मार्ग में प्रतिदिन हजारों राहगीरों का आवागमन होता रहता है यही मार्ग महका के पास मुख्यमार्ग को जोड़ता है, गड्ढेंनुमा सड़क के चलते आए दिन हादसे होते रहते है इसी मार्ग से सेवा सहकारी समिति कुण्डा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के कृषकों को ग्राम सेन्हाभाठा से खाद बीज लाना होता साथ ही चार पहिया वाहन की पलटने की आशंका बनी रहती है

**खबर संक्षेप**

### संकुल शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को दिया न्योता भोज

**बेमेतरा।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव व न्योता भोज संकुल केंद्र खिलोरा में मनाया गया ,जिसमे शासकीय हाई स्कूल ,मिडिल स्कूल व प्राथमिक शाला खिलोरा के बच्चे शामिल हुये। जिसके मुख्य अतिथि राधे साहू सरपंच खिलोरा विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार खरे विकास खंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा, घनाराम साहू ग्राम पटेल, भुनेश्वर साहू पूर्व उपसरपंच, पंचम साहू , हीरालाल शर्मा प्राचार्य हाई स्कूल, पी आर पात्रे प्रधान पाठक, गैंदराम वर्मा प्रधान पाठक की उपस्थिति में प्रारम्भ हुआ। माँ सरस्वती के तैल चित्र में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को उज्वल भविष्य की सुभकामनाये देते हुए नियमित शाला आने और मन लगाकर पढ़ाई लिखाई करने की के लिए प्रेरित किया। राधे साहू सरपंच ने सभी बच्चों को साफ स्वच्छ आचरण व अनुशासित जीवन जीने व शिक्षा के महत्व को बताया। उपस्थित अतिथियों ने सभी नवप्रवेशी पहली ,छठवी व नवमी के बच्चों का गुलाल लगाकर मुह मीठा कर पुस्तक गणवेश प्रदान किया। उसके पश्चात सभी बच्चे ,पालकगण व अतिथियों ने न्योता भोजन ग्रहण किया । कार्यक्रम में पी एस यदु, सत्येंद्र सिंह, सूर्यप्रकाश साह,मनोज वर्मा, आकाश सोनी, निर्मला साहू, मोहनी सोनी, शिक्षक शिक्षिकाय व अश्वनी यादव ,सुशील साहू, लाता साह, सावित्री साहू, गौरी साहू, सिमा यादव, संध्या निर्मलकर, रामचरण निर्मलकर, पेखाम साहू, कामता साहू, सहित ग्रामीण की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन नीलेश सोनी संकुल समन्वयक खिलोरा ने किया।

### कुर्मी समाज के पदाधिकारियों का आज शपथ ग्रहण

**बेमेतरा।** सिंगरौर कुर्मी (क्षत्रिय) समाज के नवनिर्वाचित जिला पदाधिकारियों का आज 29 जून रविवार कुर्मी भवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा वहीं इस दौरान सिंघरौंर कुर्मी प्रतिभा सम्मान भी किया जाएगा । अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 10 बजे समारोह की शुरुआत होगी और दोपहर 2:00 बजे तक नवनिर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र वितरण एवं शपथ ग्रहण किया जाएगा और दोपहर 2:00 बजे से 3:00 तक भोजन अवकाश रहेगा उसके बाद दोपहर 3:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक सिंघरौंर कर्मी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजित रखा गया है जिसमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, नये पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों व वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रीय समाज विजय बघेल रहेंगे वही अध्यक्षता छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सदस्य डॉक्टर प्रवीण वर्मा करेंगे । विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी (क्षेत्रीय) महासभा लता ऋषि चंद्राकर, समाज के वरिष्ठ मोहित राम वर्मा अधिवक्ता, घासीराम वर्मा सहित ग्रामीण सिंगरौर कुर्मी समाज परीक्षेत्रीय पदाधिकारी ग्रामीण पदाधिकारीयो की मौजूदगी में सम्पन्न होगा ।

# आईजीपी गर्ग ने किया पौधारोपण, पुलिस कॉलोनी में गूंजा पर्यावरण संरक्षण संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग शनिवार वार्षिक निरीक्षण दौरे पर पुलिस परिवारों के साथ एक भावनात्मक और पर्यावरणीय पहल के रूप में "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत पुलिस आवासीय कालोनी परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने फूल, फल और छायादार वृक्षों का रोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दर्शाया।आईजीपी रामगोपाल गर्ग ने अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने परिसर और आवासीय क्षेत्रों में खाली पड़ी भूमि का उपयोग हरियाली बढ़ाने हेतु करें। उन्होंने इसे स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और मानसिक कल्याण से जोड़ते हुए सामूहिक भागीदारी की अपील की। इस दौरान आईजीपी गर्ग ने पुलिस परिवारों से आत्मीय भेंट की और बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। इस आत्मीय मुलाकात और पर्यावरणीय अभियान ने कार्यक्रम को एक भावनात्मक आयाम प्रदान किया। पुलिस परिवार आईजीपी दुर्ग रेंज दुर्ग को अपने पास पाकर बहुत खुश हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार,डीएसपी संतोषी रंग, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, निज सहायक श्रीनिवास राव, पीआरओ प्रशांत शुक्ला, सहित रक्षित केन्द्र, पुलिस आवासीय कलोनी के पुलिस परिवार जन, बच्चों की उपस्थिति रही।

### पुलिस परिवारों से आत्मीय भेंट की और बच्चों को चॉकलेट बांटी तो चेहरों पर बिखेरी मुस्कान



**प्रकृति संरक्षण की दिशा में मजबूत संदेश**

आईजीपी श्री रामगोपाल गर्ग ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण का हिस्सा नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए संजीवनी हैं।" उन्होंने बताया कि वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वातावरण में ऑक्सीजन का संचार करते हैं, जिससे पर्यावरण संतुलित और शुद्ध बना रहता है। उन्होंने वृक्षों से प्राप्त होने वाले फलों, छाया और औषधीय गुणों की महत्ता भी बताई और कहा कि पौधारोपण न केवल पुण्य का कार्य है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित उपहार भी है । उन्होंने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों से अपने- अपने परिसर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस स्टेशनों में जब फरियादी आते हैं, तो एक साफ, सुंदर और सकारात्मक वातावरण उन्हें मानसिक रूप से राहत प्रदान करता है। उन्होंने सजावटी, फूलदार, फलदार और छायादार पौधों के रोपण पर विशेष बल दिया।

## खाद्य मंत्री ने किया अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण, शाला प्रवेश उत्सव में हुए शामिल

# बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है : खाद्य मंत्री बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



खाद्य मंत्री दयालदास बघेल नवागढ़ विकासखंड के ग्राम बदनारा में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शिक्षा की नई यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं और अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री बघेल ने बच्चों को पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए और मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया। गुलाल और तिलक से बच्चों का पारंपरिक रूप से स्वागत कर शिक्षा की इस नई यात्रा की शुरुआत को उत्सव में बदला गया। उन्होंने विद्यालय में निर्मित एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष का लोकार्पण भी किया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में मंत्री श्री बघेल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। विद्यालय एक ऐसा मंदिर है जहाँ से बच्चों का संपूर्ण विकास आरंभ होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। गणवेश, पाठ्यपुस्तक, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति जैसी योजनाएँ इसी दिशा में मजबूत कड़ी हैं।

**शिक्षा केवल किताबों तक सीमित न रहे**

मंत्री श्री बघेल ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह बच्चों के सोचने-समझने और व्यवहार में बदलाव लाने वाली होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा, "हमारा प्रयास होना चाहिए कि गांव का हर बच्चा स्कूल आए, शिक्षा पाए और आत्मनिर्भर बने। उन्होंने अभिभावकों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय रुचि लें। "आप अपने बच्चों से रोज पूछें कि आज स्कूल में क्या सीखा? इससे बच्चे न केवल उत्साहित होंगे, बल्कि शिक्षक भी बेहतर शिक्षण के लिए प्रेरित होंगे।" उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शिक्षा के महत्व को समाज तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्री खोर बाहरा साहू, श्री अजय साहू, जिला शिक्षा अधिकारी सरपंच-पंचगण, शिक्षकगण, ग्रामीणजन और छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दर्री स्कूल के प्रवेशोत्सव में किया गया पौधारोपण



**थानखम्हरिया।** समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल दर्री में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव एवं एक पेड़ माँ के नाम से पौधा रोपण का कार्यक्रम रखा गया। शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशित बच्चों को गुलाल लगाकर, मुंह मीठा कराया गया। साथ ही पुस्तक एवं गणवेश वितरण कर प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर सरपंच तोरण यादव एवं अध्यक्ष नारायण सिंह राजपूत रहे। सरपंच तोरण यादव ने बच्चों को नियमित स्कूल आने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शासकीय शाला में पढ़ने वाले बच्चों कि उपलब्धिओं को भी बताया गया। शासन द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरण को सराहा । अध्यक्ष नारायण सिंह राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने वाले बच्चों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। अतिथियो द्वारा एक पेंड माँ के नाम से पौधे रोपे गए और बच्चों को ने शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी गई। उपस्थित ग्राम पंचायत दर्री सरपंच तोरण यादव और शाला प्रबंधन एवं विकास समित अध्यक्ष नारायण सिंह राजपूत एवं सदस्य वासु (वि .प्रति.),हेमंत साहू ,टेकराम साहू,मोहन यादव रोहित साहू,लखन साहू, कुलेश्वर साहू एवं जनप्रतिनिधि, शिक्षक - शिक्षिकाएं मौजूद रहे। हाई स्कूल दर्री प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह नेताम ,पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे , शिक्षक गोविंद कुमार सोनकर,व्याख्यता संगीता किरण अनन्त, रीना कांता लकड़ा ,शिक्षक अंजनी कुमार मिर्झा, सहायक शिक्षक प्रा शाला दर्री एवं स्वयं सेवी शिक्षक दुर्गा सेन समेत सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

## पीजी कालेज में विधायक साहू की उपस्थिति में पौधारोपण



**बेमेतरा।** शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू शामिल हुए । इस मौके पर 175 पौधे महाविद्यालय परिसर में रोपे गए। इस अभियान में सामाजिक संस्था "सहयोग बेमेतरा" के सदस्यों – डॉ. सुभाष चौबे, सुशील शर्मा, संजय त्रिपाठी, पद्म जैन, डॉ. अविनाश त्रिपाठी, बंटी अरोरा, धर्मेंद्र शर्मा, पार्षद नीतू कोठारी – ने सक्रिय सहभागिता निभाई। महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्या डॉ. वीणा त्रिपाठी सहित डी.आर. साहू, राजकुमार त्रिपाठी, देवेंद्रधर द्विवेदी, जितेंद्र बारले, भोलाराम साहू, डी.पी. जंघेल, श्वेता साहू और आशुतोष शुक्ला सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने महाविद्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए कहा यह मेरा सौभाग्य है कि मैं इसी महाविद्यालय का पूर्व छात्र हूं। इस महाविद्यालय की समग्र उन्नति के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में बेमेतरा महाविद्यालय प्रदेश ही नहीं, देश में भी कीर्तिमान स्थापित करेगा।"विधायक श्री साहू ने उल्लेख किया कि बेमेतरा महाविद्यालय परिसर में वर्ष 2010 में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के करकमलों से 11 एकड़ भूमि पर 10,000 वृक्षों का रोपण किया गया था, जिससे आज शहरवासियों को स्वच्छ एवं प्राकृतिक वायु का लाभ मिल रहा है।

## खण्डसरा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया और बच्चों को अध्ययन के लिए किया प्रोत्साहित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में प्राथमिक माध्यमिक, हाई स्कूल का संयुक्त प्रवेशोत्सव कार्यक्रम- का आयोजन हुआ । मुख्य अतिथि पंचायत सदस्य बाल कुमारी ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि देवेन्द्र मार्कण्डेय, शाला प्रबंधन समिति के अमरनाथ चक्रधारी, पूनम चौहान गोकुल जायसवाल,अशोक जायसवाल, बुधराम रजक, राजकुमार सिंहा, रविन्द्र जायसवाल,तोरण सिंहा, योगी साहू, रामानंद निषाद, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अश्वनी बैनर्जी, सी ए सी लहर सिंह नेताम पंचगण, पलकों की आतिथ्य में आयोजित हुई।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना, सरस्वती वंदना के साथ छात्रों ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किए वहीं शिक्षकों ने अतिथियों पलकों को पुष्प मालाओं से स्वागत कर किया। अतिथियों , पलकों को प्राचार्य महेश साहू ने गतवर्ष की परीक्षा परिणाम, छात्रों के हित में शासन की योजनाओं एवं युक्तियुक्तकरण से अवगत करते हुए स्कूल संचालन व्यस्था से संबंधित विषयों से अवगत कराया,

तत्पश्चात अतिथियों ने कक्षा 1ली, 6वी 9वी के नव प्रवेशी छात्रों को गुलाल चन्दन, मिष्ठान खिला कर माला पहनाकर गणवेश और पाठ्यपुस्तकें प्रदान कर प्रोत्साहित करते नियमित स्कूल आने की सिख दिये। नव प्रवेशी छात्रों को संबोधित करते जिला पंचायत सदस्य बाल कुमारी ध्रुव ने कहा की आप अभी से ही अपना लक्ष्य बना कर पढाई करे सफलता प्राप्त होगी ही। सफलता पर सब का अधिकार होता है बस इसे प्राप्त होने की मजबूत इरादा होना चाहिए। अमरनाथ चक्रधारी जी ने सभी जनों को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षकों के साथ ही पालक भी अपने बच्चों के प्रति सतत जगरूप रहे नियमित स्कूल स्वयं लेकर आए अपने बच्चों के बारे में शिक्षकों से जानकारी लेते रहे। उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने अपने विचारों से पलकों ,छात्रों को संबोधित किए। कार्यक्रम का समन्वयक शिक्षक अजय शर्मा थे व संचालन महादेव कौशल , आभार प्रदर्शन नीलम तिवारी ने किया इस दौरान श्रद्धा चंद्राकर,अरविंद सोनी, रोहित वर्मा, खोवाराम धीवर , तीरथ राम डहरे , नीरज साहू ग्रेवेंद्र , सनत मृतचंडे , गोदावरी प्राथमिक, माध्यमिक ,हाई स्कूल के सभी शिक्षकगण , ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## बालकों ने सीखा अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के सूत्र



**नवागढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में चल रहे त्रिदिवसीय प्रारंभिक संघ प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस शनिवार को बालकों को शारीरिक, बौद्धिक एवं सांघिक प्रशिक्षण दिया गया। सुबह शाखा, योगाभ्यास व गीतों के माध्यम से दिन की शुरुआत हुई।

बौद्धिक सत्र में वक्ताओं ने देशभक्ति, सामाजिक समरसता एवं चरित्र निर्माण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वयंसेवक समाज को जागरूक करने का कार्य करता है। बच्चों को भारतीय संस्कृति, महान व्यक्तित्वों के आदर्श एवं सेवा भावना से परिचित कराया गया। दोपहर पश्चात पारंपरिक खेलों के माध्यम से सामूहिकता एवं नेतृत्व क्षमता का अभ्यास कराया गया। बच्चों ने खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अनुशासन और सहभागिता का परिचय दिया।

संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष खुराना, प्रवीण साहू ने बताया कि ऐसे वर्गों के माध्यम से बच्चों में देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न होता है। द्वितीय दिवस की गतिविधियाँ प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक रहीं।

## समन और वारंट ऑनलाइन होंगे जारी

**दुर्ग।** न्यायपालिका को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा वर्चुअल माध्यम से राज्य के सभी जिलों में आपराधिक मामलों के लिए ई-समन सुविधा का आधिकारिक शुभारंभ हुआ।

प्रधान जिला न्यायाधीश के निर्देशन में जिले के सभी न्यायालयों में नियुक्त कोर्ट मोहर्रिर को इस नई व्यवस्था की जानकारी दी गई। उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि ई-समन प्रणाली लागू होने से न्यायालय से जारी समन और वारंट सीधे डिजिटल रूप में संबंधित थानों को प्राप्त होंगे। न्यायालयों में पदस्थ कोर्ट मोहर्रिर संबंधित प्रकरणों में आदेश अनुसार ई- समन और वारंट सीआईएस (केस इंफॉर्मेशन सिस्टम ) के माध्यम से कुछ क्लिक में जारी कर सकेंगे। ये सीधे पुलिस विभाग के आईसीजेएस सिस्टम के माध्यम से संबंधित पुलिस थानों में साझा हो जाएंगे। संबंधित थाने के सिपाही उस समन को संबंधित व्यक्ति के घर पहुंचाकर, फोटो खींचकर तामील कर रिपोर्ट अपडेट करने के बाद न्यायालय वापस भेजेंगे।

# नगर भ्रमण को निकले भगवान जगन्नाथ, जगह-जगह स्वागत



**देवकर।** नगर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई, इस दौरान आस्था व परंपरा का संगम देखने भक्त उमड़े हुए थे। रथ यात्रा को नगर भ्रमण कराया गया। दर्शन करने व स्वागत के लिए लोग अपने द्वार पर आरती थाल हाथ में लिए प्रतीक्षा करते दिखें।भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भैया बलराम की शोभायात्रा निकाली गई। भक्तों ने भगवान को सजे हुए वाहनों और ठेलों में नगर भ्रमण कराया। रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह दिखा। गांधी चौक, सुभाष चौक , गोकुल पारा , महावीर चौक,बस स्टैंड,नीद पार वार्ड -1 मे भी घुमे। प्रसाद में मूंग और चना दिया गया। पूरे दिन हरि बोल और जय जगन्नाथ के जयकारे गूंजते रहे। प्रसाद वितरण करते भक्त। श्री राम मंदिर सीमित सदस्य लोग एवं नगरवासियों शामिल थे।यात्रा विभिन्न मार्गों से होकर देर रात मंदिर प्रांगण पर समाप्त हुई।

### कर्मियों ने दी सुरक्षा की सीख

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में सुक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सुरक्षा जागरुकता के लिए एचआर-एल एंड डी केन्द्र में लघु नाटिका का मंचन किया गया। कार्यक्रम में जल प्रबंधन विभाग द्वारा प्रस्तुत पहली स्किट में सड़क सुरक्षा, मानवीय त्रुटियों और सतर्क ड्राइविंग की आवश्यकता को रेखांकित किया गया।

## ग्रामीण अंचल में बिना डिग्री के हो रहा चिकित्सकीय कारोबार

# ग्रामीण अंचल में झोलाछाप डॉक्टरों के हौसला हैं बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला




बेरला विकासखण्ड अंतर्गत अंचल के सभी गाँवो में बिना डिग्री के लगातार अवैध चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित होने की बात सामने आ रही है, इसके बावजूद प्रशासन की उदासीनता से बगैर डिग्रीधारी चिकित्सकों के हौसले बुलन्द है। आलम यह है कि गाँवों में भोलेभाले ग्रामीणों को अपने घरों में निजी दवाखाना खोलकर इलाज के नाम पर गैरकानूनी ढंग से उपचार कर पैसा वसूला जा रहा है। जिससे आमजन ठगी का शिकार हो रहे है। सूत्रों की माने तो गाँव-गाँव मे बगैर डिग्रीधारी चिकित्सकों का अपना दबदबा एवं प्रभाव कायम है, जिसके कारण आमलोग त्वरित एवं सस्ती ट्रीटमेंट के चक्कर मे अवैध रूप से उपचार करने वाले डॉक्टरों के झांसे में आ जाते है, लिहाजा डिग्रीधारी चिकित्सकों सहित प्रशासन को जबरदस्त नुकसान हो रहा है। वही ग्रामीण शासन-प्रशासन की चिकित्सकीय योजनाओं से लाभान्वित भी नही हो पा रहे है। वैसे तो इस सम्बंध में विगत पूर्व में ब्लॉक स्तर पर एक कमेटी का गठन किया गया था, जिसमे एसडीएम को अध्यक्ष एवं बीएमओ व थाना प्रभारी को समिति में लेकर एसडीएम के दिशानिर्देश पर कार्यवाही करने की बात कही जाती है। किन्तु आज भी इस दिशा में कोई खास प्रयास या पहल नही हो पाया है।

लिहाजा स्थिति यह है, कि बिना डिग्री के डॉक्टर घरो में अवैध क्लीनिक लगाकर सामान्य उपचार के आड़ में सुई व ड्रीप भी लगाने के साथ स्वयं दवाई एवं मेडिसिन भी बांटकर ग्रामीणों को चुना लगा रहे है। जबकि पूरे क्षेत्र में यह कारोबार व्यापक स्तर पर हो रहा है फिर भी प्रशासन की उदासीनता आमजनता पर भारी पड़ती नज़र आ रही है।








